# निर्यातकों के लिए 7,295 करोड़ के पैकेज की घोषणा

- 2,114 करोड़ रुपये का गारंटी समर्थन
- 5,181 करोड़ की ब्याज सहायता योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने शुक्रवार को निर्यातकों की ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये का गारंटी समर्थन शामिल है।

दोनों उपाय छह वर्षों में लागू किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा कि ये हस्तक्षेप निर्यातकों की व्यापार वित्त से जुड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। ब्याज सहायता योजना के तहत निर्यातकों को निर्यात से पहले और निर्यात के बाद ऋण पर सब्सिडी मिलेगी।

यह नवंबर 2025 में स्वीकृत 25,060 करोड़ के निर्यात संवर्धन मिशन का दूसरा घटक है। पहला घटक 31 दिसंबर, 2025 को लागू किया गया था, जिसमें 4,531 करोड़ का बाजार पहुंच समर्थन दिया गया था।